आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 2025–26 का स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी।
2. उत्तराखंड में श्री केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भाई दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।
3. केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली के तहत परिवहन वाहनों की निर्दिष्ट श्रेणियों में गति सीमा उपकरण लगाना अनिवार्य किया गया है।
4. द्वीपसमूह में अगले पांच दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

<><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 2025–26 का स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी। ये पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन–शहरी के तहत उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के सबसे स्वच्छ शहरों को दिए जाएंगे। सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में शहरी स्थानीय निकायों का आकलन दस प्रमुख क्षेत्रों के 43 मानकों पर किया गया। इस अवसर पर आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><>

उत्तराखंड में श्री केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट आज भाई दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही दोनों तीर्थस्थलों की वार्षिक यात्रा संपन्न हो जाएगी। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक रीति–रिवाजों के साथ बंद किए जाएंगे। इसके बाद बाबा केदार की डोली शीतकालीन स्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर के लिए रवाना होगी।

वहीं, उत्तरकाशी जिले में स्थित श्री यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह दस बजकर अट्ठाईस मिनट पर बंद किए जाएंगे। इसके बाद देवी यमुना की डोली उनके शीतकालीन निवास खरसाली के लिए रवाना होगी। इस वर्ष चारधाम यात्रा में 64 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में भाग लेते हुए अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन विकास के अवसर तथा आर्थिक विकास की संभावनाएं विषय पर अपने विचार व्यक्त करते कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आर्थिक और पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले वर्षों में यह भारत के आर्थिक विकास का केंद्र बनने के लिए तैयार है। उपराज्यपाल ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में इन द्वीपों से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू की जा सकती हैं। इस संबंध में दिसंबर में 10 एशियाई देशों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए द्वीपसमूह आमंत्रित किया गया है। उड़ानों की संख्या भी बढ़ाई गई है। डॉ. शर्मा ने कहा कि पर्यटन विकास के साथ–साथ अंडमान को वैवाहिक आयोजनों के लिए एक पसंदीदा स्थल बनाने के प्रयास भी शुरू किए जा रहे हैं। वाटर स्पोर्ट्स और डे टूरिज्म की अनुमति देने की प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। बर्डवॉचिंग और कारवां टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है। इस पहल के तहत वर्ष 2047 तक पर्यटन के बुनियादी ढांचे को हरित बनाने के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नए हवाई अड्डे विकसित किए जा रहे हैं। हरमुज जलडमरूमध्य की तर्ज पर बंदरगाह को विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ–साथ जनजातीय समुदायों की सुरक्षा पर भी समुचित ध्यान दिया जा रहा है। जलवायु संतुलन बनाए रखना और नए रोजगार के अवसर पैदा करना भी प्राथमिकताओं में शामिल है। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

छठ पूजा समिति की ओर से द्वीपसमूह में भी सूर्य भगवान की उपासना के लिए छठ पूजा के आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में 15 नवम्बर को कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर शाम पांच बजकर उनचालीस मिनट पर और 16 नवम्बर को सुबह पांच बजकर सोलह मिनट पर सूर्य भगवान को अर्ध्य दिया जाएगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 118 के तहत परिवहन वाहनों की निर्दिष्ट श्रेणियों में गति सीमा उपकरण लगाना अनिवार्य कर दिया है। नियम के तहत, अधिसूचित भारी वाहनों के लिए अधिकतम निर्धारित गति 80 किमी प्रतिघंटा है, जबकि अन्य वाहन श्रेणियों के लिए 60 किमी प्रतिघंटा की अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है। राज्य परिवहन विभाग की ओर से उल्लंधनकर्ताओं की पहचान करने के लिए प्रवर्तन गतिविधि चलाई जा रही है। फिटनेस परीक्षण और अन्य प्रवर्तन गतिविधियों के दौरान निरीक्षण और सत्यापन किया जाएगा। उल्लंघनकर्ताओं पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी, जिसमें फिटनेस प्रमाण पत्र और परमिट से संबंधित कार्रवाई शामिल है। विभाग ने वाणिज्यिक वाहनों के सभी मालिकों और ऑपरेटरों को सलाह दी है कि वे किसी भी अनिवार्य स्पीड लिमिटिंग डिवाइस, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस या आपातकालीन बटन को हटाने, डिस्कनेक्ट करने, छेड़छाड़ करने या निष्क्रिय करने से बचें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले पांच दिनों तक एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी, जो बढ़कर 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 14 नवंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग कृषि विज्ञान केन्द्र और उद्योग विभाग के सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्वीकृत 'रैम्प योजना' के तहत बकरी पालन और मुर्गी पालन में क्षेत्र–केंद्रित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। विभाग ने इच्छुक ग्रामीण युवाओं,

किसानों, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों और बेरोजगार युवाओं से 14 नवंबर तक स्थानीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के पास पंजीकरण कराने का अनुरोध किया है। चयनित उम्मीदवारों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें अपना स्वयं का उद्यम शुरू करने के लिए एमएसएमई के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए डॉलीगंज स्थित पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की दो दिवसीय जिला नियोजन समिति की बैठक कल दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष पी. उमर की अध्यक्षता में शुरू हुई। इस बैठक का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं, दक्षिण अंडमान की प्राथमिकता वाली जिला कार्य योजना 2027–28 और प्राथमिकता वाली कार्य योजना 2026–27 की समीक्षा एवं अंतिम रूप देना है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों जैसे–शिक्षा, खेल, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा, मत्स्य पालन, आपदा प्रबंधन, समाज कल्याण, एपीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, बिजली तथा नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की प्राथमिकता वाली जिला कार्य योजना 2027–28 पर विस्तार से चर्चा की गई।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय स्तर के बाल दिवस समारोह के अवसर पर द्वीपसमूह में भी जवाहर बाल मंच की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी.वी. हरि मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय समन्वयक सिरिल प्रभु विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह इकाई द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जवाहर बाल मंच देश के 23 राज्यों में काम कर रहा है और रेटिंग के आधार पर द्वीपसमूह की इकाई शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>